# राजस्थान निक्षय संबल योजना

## चर्चा में क्यों?

16 मई, 2022 को राज्य के टीबी रोगियों को संबल एवं सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार द्वारा जन-सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से ‘राजस्थान निक्षय संबल योजना’ का शुभारंभ किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- राज्य क्षय अनुभाग द्वारा स्वास्थ्य भवन के सभागार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी की अध्यक्षता में राज्य टीबी फोरम की बैठक में इस योजना का शुभारंभ किया गया।
- इस अवसर पर शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने ‘राजस्थान निक्षय संबल योजना’ के पोस्टर का विमोचन भी किया।
- बैठक में डॉ. पृथ्वी ने राज्य के सभी उद्योगों, कॉर्पोरेट संस्थानों, जन प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि से टीबी रोगियों और उनके परिवारों को पोषण, रोज़गारोन्मुखी एवं शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराने के कार्य में सहयोग करने और टीबीमुक्त प्रदेश बनाने में अपनी सामाजिक भागीदारी निभाने की अपील की।
- मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सामूहिक भागीदारी पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी टीबी रोगियों की एचआईवी एवं डायबिटीज की जाँच करने के निर्देश भी दिये।
- जन-स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. वी.के. माथुर ने कहा कि विभाग द्वारा राज्य के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर पूर्व उपचारित रोगियों को टीबी चैंपियन के रूप में चिह्नित किया जा रहा है, जो क्षय रोगियों की समस्याओं के निदान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- टीबी चैंपियन समुदाय में क्षय रोगियों की आवाज़ बनेंगे और विभाग द्वारा ‘निक्षय पोषण योजना’ के अंतर्गत पौष्टिक आहार हेतु दी जा रही सहायता राशि दिलाने में भी सहयोग करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-nikashya-sambal-yojana